पंजाब केसरी 07/02/2026

जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों ने खुड्डा कलां में गुंजाया से नो टू प्लास्टिक का संदेश

अम्बाला, 6 फरवरी (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों ने गांव खुड्डा कलां में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान 'से नो टू प्लास्टिक' का संदेश गुंजाया।

स्वयंसेवकों ने इस एन.एस.एस. शिविर के अंतर्गत आज के दिन 'स्वच्छता एवं पर्यावरण' थीम पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग सत्र एवं एन.एस.एस. प्रार्थना के साथ हुआ, जिससे स्वयंसेवकों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की भावना प्रबल हुई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित जागरूकता व्याख्यान में

गांव खुड्डा कलां में जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा आयोजित शिविर में भाग लेते स्वयंसेवक। (चंद्रमोहन)

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नगरपरिषद, अम्बाला सदर के गुलाब सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन तथा प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ और हरित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। शिविर का यह दिन स्वच्छता के महत्व, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. पिंकी गुप्ता एवं डॉ. चन्द्रपाल पुनिया तथा एन.एस.एस. सलाहकार समिति की सदस्या गीति बिंद्रा एवं हर्षिता लांबा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।